एक नजर में



### एसआईआर में गड़बड़ी की आशंका को लेकर दिया ज्ञापन

**बुधनी.** एसआईआर सूची से संबंधित फार्म क्रमांक 07 के संकलन में गड़बड़ी की आशंका को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने रिटर्निंग ऑफिसर डीएस तोमर को ज्ञापन सौंपा. ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश सिंह राजपूत ने बताया कि फार्म 07 के संकलन के दौरान नियमों की अनदेखी की जा रही है, जिससे गलत नाम जोड़े जाने की आशंका बनी हुई है. उन्होंने मांग की कि एक दिन में सीमित संख्या में ही फार्म स्वीकार किए जाएं तथा अंतिम दिनों में प्रत्येक बूथ पर जमा हुए फार्मों की जानकारी सार्वजनिक की जाए. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल से जुड़े कुछ लोग बीएलओ पर नाम जोड़ने का दबाव बना रहे हैं. जो निर्वाचन आयोग के नियम विरुद्ध हैं. ज्ञापन सौंपने वालों में राजेंद्र यादव, संजय शर्मा, प्रमोद चौहान और हेमंत वर्मा आदि मौजूद थे.



### ऑक्सफोर्ड के विद्यार्थियों का प्रतियोगिता में चयन

**सीहोर.** द ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल के विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में हुआ है. उक्त प्रतियोगिता 22 एवं 23 जनवरी को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की जाएंगी. विद्यालय के छात्र कृष्णा बाथम क्रिकेट में, कृष्णा दुबे वॉलीबाल में एवं हर्षित कुजुर, सौरभ राज, गौतम पाटीदार, अनन्त मारन, अनुज गौर, अरनव सिंह बॉस्केटबाल में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे.



### राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**सीहोर.** राज्य कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन विधायक सुदेश राय द्वारा किया गया. इस अवसर पर संघ की जिला, विकास खंड एवं तहसील शाखा के गोपाल सिंह ठाकुर, अनिल शर्मा, संतोष जैन, संतू, कुंदन लाल राय, देवेन्द्र कुमार, अंकुर शर्मा, अरुण जोशी, लाड़सिंह बकोदिया, विजय अतुल शर्मा, एमएस राणे, दौलत राम अहिरवार, विनय शर्मा, विवेक दुबे, योगेश त्यागी, केशरीमल राजपूत, लक्ष्मण सिंह मेवाड़ा, अनुरूप सिंह ठाकुर, रंजीत रैकवाल, शिवांग ओझा, जतिन गाचले, रामलखन शर्मा, मुकेश राठौर, संजीव कनेरिया, रामपाल मीना आदि उपस्थित थे.



### पाटीदार समाज संगठन पदाधिकारियों की हुई बैठक

**सीहोर.** जिला पाटीदार समाज के पदाधिकारी मनोज गुजराती के निवास पर प्रदेश संगठन के पदाधिरियों की विशेष उपस्थिति में पाटीदार समाज बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता मास्टर मुकेश पाटीदार ने की. बैठक में जानकारी दी गई कि पाटीदार समाज का आगामी 25 जनवरी को प्रांतीय कार्यालय वासुदेव परिसर चिंतामन बड़ा गणपति उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा किए जाने वाले भूमि पूजन कार्यक्रम के लिए समाज जनों को आमंत्रित किया है. बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल पाटीदार, महेन्द्र नारायण पाटीदार, जीवन पाटीदार उपस्थित थे. बैठक में ओम प्रकाश गुजराती, रघुनन्दन निगोदिया, सुरेश पाटीदार, चतुर्भुज मल्हौत्रा, अखिलेश मल्हौत्रा, नरेश पाटीदार, संजय पाटीदार, राहुल पाटीदार, प्रमोद पाटीदार, मनोज पाटीदार, पंकज पाटीदार, ब्रजेश पाटीदार, वैभव पाटीदार, अभिषेक गुजराती व बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे.



### छात्रों से रूबरू हुईं विश्वप्रख्यात पद्मश्री डॉ. पीटी उषा

**सीहोर.** विश्वप्रख्यात पद्मश्री डॉ. पीटी उषा के साथ आईईएस पब्लिक स्कूल के बच्चों की बातचीत का आयोजन किया. जिसमें उन्होंने छात्रों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया. ओलंपिक दिग्गज ने अपनी शानदार यात्रा के बारे में बताया. जब उन्होंने ग्लोबल स्टेज पर अपने अनुभवों से सीखते हुए चुनौतियों से उबरने और सीमाओं को पार करने के बारे में बात की इस सेशन में छात्रों ने उत्साह से हिस्सा लिया. उन्होंने सवाल-जवाब किए और अपनी आकांक्षाएं शेयर की. यह बातचीत प्रेरणा की एक मास्टरक्लास थी, जिसने छात्रों को ऊर्जावान और अपने चुने हुए क्षेत्रों में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक कर दिया. अंत में प्रोफ मनीषा कव्थेकर, ग्रुप डाइरेक्टर आईईएस पब्लिक स्कूल ने सम्मानित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया. साथ ही छात्रों को अश्वासन दिया कि नियमित रूप से उन्हे देश के प्रख्यात एक्स्पर्ट्स के मोटिवेशनल सेशन मिलते रहेंगे.

# पुलिया व सीसी मार्ग निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप

**चंदला,21 जनवरी. लवकुशनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलहरी में पुलिया निर्माण के मामले में फिर से भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आई हैं. ग्रामीणों ने बताया कि बिलहरी से पंचमनगर मार्ग पर रमना पुरवा के पास पुलिया का निर्माण कई सालों से चल रहा है, लेकिन काम अधूरा है.**

पुलिया पर इस्तेमाल किया गया मटेरियल कमजोर बताया जा रहा है, जिससे हाथ-पैर लगते ही सामग्री झड़ रही है और साइड दीवारों पर दरारें आ गई हैं. पुलिया की दीवारें टूटने लगी हैं और अभी तक वाहनों का आवागमन भी शुरू नहीं हो पाया है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सीमेंट की मात्रा कम डाली गई, निर्माण के बाद पानी नहीं डाला गया और नालियों की सफाई भी नहीं हुई.



**गुणवत्ता से जुड़ी अनियमितताएं उजागर**

ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच और सचिव मनमानी कर रहे हैं और शिकायत पर विवाद किया जाता है. उन्होंने उपयंत्री राकेश प्रजापति पर भी जांच न करने का आरोप लगाया है. केश क्रमांक 2 में ग्राम पंचायत रानीपुर के डडिया में लगभग 200 मीटर सीसी मार्ग निर्माण में भी थिकनेस और सीमेंट के उपयोग में अनियमितता पाई गई है. बेस पर सीमेंट नहीं डालकर सीधे कंक्रीट डालने की शिकायतें हैं. लवकुशनगर जनपद पंचायत के एसडीओ राजेश उपाध्याय ने कहा कि भोपाल से प्रशिक्षण के बाद उपयंत्री को भेजकर जांच करवाई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.



## हरपालपुर में बदबूदार पानी की सप्लाई

- **नगर परिषद की लापरवाही से जनता परेशान**

**छतरपुर,21 जनवरी. हरपालपुर नगर में पेयजल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है. नगर परिषद की कथित लापरवाही के कारण शहर के कई वार्डों में नलों से पीला, बदबूदार और गंदा पानी आ रहा है. पानी की दुर्गंध इतनी तेज है कि लोगों को उल्टी जैसा महसूस हो रहा है. इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद भी हरपालपुर में पानी की गुणवत्ता में कोई ठोस सुधार नहीं हुआ है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर नगर परिषद के अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और केवल यह कह देते हैं कि नल खोलने के कुछ देर बाद पानी भरें. शहर की 50 हजार गैलन क्षमता वाली पानी टंकी की स्थिति भी खराब बताई जा रही है. आरोप है कि टंकी की कई वर्षों से सफाई नहीं कराई गई, जबकि इसी टंकी से पूरे नगर में पानी सप्लाई किया जाता है. करीब 30 साल पुरानी पाइपलाइन कई जगह क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे नालियों का गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा है.

इंदौर हादसे के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर पानी के सैंपल लिए गए हैं, लेकिन अभी तक दूषित पानी की असली वजह सामने नहीं आई है. सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद नगर परिषद और जल निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की. स्थानीय लोगों ने मांग की है कि नगर परिषद तत्काल टंकी की सफाई कराए, पुरानी पाइपलाइनों को बदले और शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था करे. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो स्थिति गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है.

## कुबेरेश्वर पर बनेगा अस्थायी बस स्टैंड

**सीहोर 21 जनवरी.** आगामी फरवरी माह में कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर प्रशासन और विठलेश सेवा समिति के द्वारा कुंभ स्तर पर तैयारियां की जा रही है.

महोत्सव के दौरान हजारों की संख्या में वाहनों को खड़ा करने के लिए पार्किंग का निर्माण किया जाएगा. इसके अलावा अस्थाई बस स्टेशन, आटो स्टैंड का निर्माण भी किया जाएगा. इसके अलावा करीब डेढ किलोमीटर कॉरिडोर में श्रद्धालुओं की सुविधा और भव्यता को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग दिशा में पांच भव्य प्रवेश द्वार बनाए गए है.

पुलिस प्रशासन ने आगामी दिनों में होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव को लेकर चर्चा की.

## विधायक ने जनसमस्याओं पर की बातचीत

### निज निवास पर जनता से मुलाकात, समस्याओं के समाधान का भरोसा

**छतरपुर,21 जनवरी. नगर की विधायक ललिता यादव ने अपने निज निवास पर क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात की. इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं, सुझाव और मांगें लेकर पहुंचे. विधायक ने सभी की बात ध्यान से सुनी और संबंधित मुद्दों पर चर्चा की.**

ललिता यादव ने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना उनका दायित्व है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा ताकि समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो सके.



विधायक ने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी विश्वास के साथ वे जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाती रहेंगी. इस जनसंवाद से क्षेत्रवासियों में सकारात्मक संदेश गया और लोगों को उम्मीद मिली कि उनकी समस्याओं पर कार्रवाई होगी.

## ई-रिक्शा चोरी का खुलासा, 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

- **रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ था ई-रिक्शा बरामद**

**छतरपुर, 21 जनवरी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में रेलवे स्टेशन के पास से लगभग 6 लाख रुपये कीमत वाले इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा चोरी होने के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना के आधार पर मात्र 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.**



पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी किया गया ई-रिक्शा भी बरामद कर लिया है. इस कार्रवाई की जानकारी पुलिस ने बुधवार 21 जनवरी को दोपहर 2 बजे दी. आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह पहले भी इसी तरह की वारदातों में शामिल रहा है या नहीं. सिविल लाइन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है.

## कलेक्टर ने अवकाश पर लगाई रोक

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के ने 16 फरवरी से 06 मार्च तक चलने वाले मप्र विधानसभा बजट सत्र के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं. उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विधानसभा के प्रश्न जैसे ही प्राप्त होते हैं तत्काल उसके उत्तर तैयार कर भेजने की व्यवस्था की जाए.

विधानसभा के उत्तर समयावधि में सही एव पूरक जानकारी सहित भेजने का उत्तरदायित्व संबंधित कार्यालय प्रमुख अथवा प्रभारी अधिकारी का होगा. इसके साथ ही विधानसभा बजट सत्र के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए हैं.

## श्री सत्यसाई यूनिवर्सिटी पर एसओजी ने मारा छापा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 21 जनवरी. एक साल पहले राजस्थान में 134 पीटीआई की बर्खास्तगी के तार सीहोर की श्री सत्यसांई यूनिवर्सिटी और भोपाल की आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी से जुड़े सामने आए हैं। इस मामले की जांच कर रहे स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने बुधवार को सीहोर की श्री सत्यसांई यूनिवर्सिटी, आरकेडीएफ भोपाल सहित ग्रुप के मालिक और सीए के यहां एक साथ छापामार कार्रवाई की है.**

बुधवार दोपहर करीब 1.30 बजे टीम सीहोर स्थित श्री सत्यसांई युनिवर्सिटी पहुंची और मामले की जांच शुरू की. खास बात यह है कि ग्रुप की प्रारंभिक मांच में कई अनियमितताएं एवं लापरवाहियां सामने आई हैं. टीम को अंदेशा है कि जिन 67 पीटीआई ने अपनी डिग्री यहां की लगाई है वह डिग्री गलत तरीके से बैक डेट में बनी हैं, क्योंकि जिन डिग्री की जांच की जा रही है उनका फीस स्ट्रेक्रर यूनिवर्सिटी नहीं दे पाया.

उल्लेखनीय कि कर्मचारी चयन आयोग राजस्थान ने शिक्षा विभाग में पीटीआई की भर्ती के लिए चयन परीक्षा आयोजित की थी.ऐसे में परीक्षा में शामिल होने के लिए अभ्यार्थियों ने दूसरे विश्व विद्यालय की डिग्री दर्शाई थीं, लेकिन जब दस्तावेज सत्यापन हुआ तो उन्होंने दूसरे यूनिवर्सिटी की डिग्री सबमिट कीं थीं. ऐसे में शिक्षा विभाग में पीटीआई की भर्ती फर्जी डिग्री को लेकर 134 पीटीआई को बर्खास्त किया गया था.

बर्खास्त 134 पीटीआई के पास विभिन्न 18 यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री थी। इनमें से 100 पीटीआई के पास तो केवल 3 यूनिवर्सिटी जेएस यूनिवर्सिटी फिरोजाबाद, ओपीजेएस और श्री सत्य साई यूनिवर्सिटी की डिग्री थी। शेष 34 के पास 15 विश्वविद्यालयों की डिग्री थी. जांच में पीटीआई भर्ती-2022 में नियुक्ति हुए इन अभ्यर्थियों के डेटा मिस मैस पाए गए. इन्होंने आवेदन के समय जो जानकारी दी थी, दस्तावेज सत्यापन के समय ना केवल यूनिवर्सिटी का नाम बदल दिया, बल्कि रोल नंबर और पास करने का वर्ष तक बदल दिया था.



## सिंचाई कॉलोनी में महिला की संदिग्ध मौत

- **पोस्टमार्टम के बाद जांच तेज**
- **सिविल लाइन थाना प्रभारी ने दी जानकारी**

**छतरपुर, 21 जनवरी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की सिंचाई कॉलोनी में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. मृतका की पहचान कोमल यादव के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा, जहां बुधवार 21 जनवरी को पोस्टमार्टम किया गया.**

पुलिस के अनुसार महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है और प्रारंभिक तौर पर मामला संदिग्ध माना जा रहा है. सिविल लाइन थाना प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही खुलासा हो सकेगा.

पुलिस ने मृतका के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. जांच में यह भी देखा जा रहा है कि मौत से पहले महिला की तबीयत कैसी थी और किसी प्रकार का पारिवारिक या अन्य विवाद तो नहीं था. अधिकारियों ने कहा कि हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

**नदी बनी विकास में बाधा** ▶ राजनगर विधानसभा के ललपुर पंचायत के ग्रामीण 4-5 फीट पानी पार कर आने-जाने को मजबूर

## पुल की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे कलेक्ट्रेट

**छतरपुर,21 जनवरी. राजनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत ललपुर के ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं. गांव के एक पुरवा से दूसरे पुरवा तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को रोजाना 4 से 5 फीट गहरी नदी पार करनी पड़ती है. इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को आवेदन सौंपा और नदी पर पुल निर्माण की मांग की.**

ग्रामीणों का कहना है कि नदी पर पुल न होने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. बरसात के मौसम में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं. नदी पार न कर पाने की वजह से सरकारी योजनाओं का लाभ गांव तक नहीं पहुंच पा रहा है. स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हैं, टीकाकरण टीम गांव तक नहीं पहुंच पाती और बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है. ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ. उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नदी पर पुल निर्माण कराया जाए ताकि आवागमन सुगम हो और सरकारी योजनाओं का लाभ गांव तक पहुंच सके. ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस बार प्रशासन उनकी समस्या पर गंभीरता से विचार करेगा और शीघ्र राहत दिलाएगा.



## साइबर अपराध से बचने दिया प्रशिक्षण

**बिलकिसगंज 21 जनवरी.** डिजीटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए सीएससी एकेडमी संस्था द्वारा साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत भंडेली किया गया. इस दौरान विशेषज्ञों ने फिशिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, पासवर्ड सुरक्षा, सोशल मीडिया पर सावधानी, और डेटा गोपनीयता, ओटो डाउनलोड ब्लॉकिंग, ओटीपी गोपनीयता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी. प्रतिभागियों को सुरक्षित पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक से बचने और साइबर अपराध की स्थिति में नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया भी समझाई गई.